हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बुधवार, 03 अक्तूबर 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com

दो अक्तूबर को गांधी और शास्त्री जयंती पर श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से मिली सौगात

739 छात्रों को 3 करोड़ की स्कॉलरशिप

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को तीन करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप दी गई। श्री राम मूर्ति की 30वीं पुण्यतिथि, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में 739 छात्रों को स्कॉलरशिप मिली। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। 50 से अधिक छात्रों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन देव मूर्ति, मुख्य अतिथि प्रधान आयकर आयुक्त शिशिर अग्रवाल, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने किया। कार्यक्रम में लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक कुमार केशव और कृषि विशेषज्ञ रामशरण वर्मा को सम्मानित किया गया। देवमूर्ति ने बताया कि छात्रवृत्ति की शुरुआत 11 लोगों को 21,000 रुपये देने से प्रारम्भ हुई थी जो आज 739 विद्यार्थियों को 3 करोड़ रुपये प्रदान करने तक पहुंच गई है। इस वर्ष भी कहानी प्रतियोगिता में लगभग 17 प्रदेश के कहानीकारों ने भाग लिया जिसमें अंशिका अग्रहरि को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये, सार्थक सारस्वत को द्वितीय पुरस्कार के रूप में रुपये 5000 और यासर मिर्जा को तृतीय पुरस्कार के रूप में रुपये 4000 रुपये मिले। इसके बाद कनिष्ठ वर्ग की वाद-विवाद प्रतियोगिता की चल वैजयंती इस वर्ष जीआरएम बरेली को प्रदान की गई एंव वरिष्ठ वर्ग वाद-विवाद प्रतियोगिता में चल वैजयंती बरेली कालेज को स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की गई। चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं एवं उद्योग जगत के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए तेजी से पाठ्यक्रम में बदलाव की आवश्यकता है। ऐसे में श्रीराममूर्ति स्मारक विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया है। विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद ट्रस्ट विश्वस्तरीय पाठ्यक्रम, शिक्षा पद्धति, परीक्षा प्रणाली एवं इन्डस्ट्री रेडीनेस सुनिश्चित करने की दिशा में तत्पर रहेगा। साथ ही इन्नोवेशन एण्ड इन्क्यूवेशन सेल एवं थिंक लैब की स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की ओर से रिहैबिलीटेशन सेन्टर दिसम्बर माह में लखनऊ में शुरू होगा। जहां पर न्यूरो, आर्थो, कार्डियक एवं ट्रामा के मरीजों को उच्च कोटि की रिहैबिलीटेशन सुविधायें उपलब्ध कराई जाएंगी।

श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को गांधी जयंती पर 3 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप दी गई। • हिन्दुस्तान

इनको मिला पुरस्कार

एमबीबीएस की साक्षी बंसल, अलंकृता बंसल, अनुज्ञा सेंगर, आयुषी अग्रवाल, शुभी अग्रवाल, अमिता सिंह, सिमरन त्यागी, मोनिका गुप्ता, सिद्धार्थ तनेजा और अनुभा कांडपाल को 2-2 लाख की स्कॉलरशिप मिली। वहीं रेमन गंगवार को 91 हजार, अशीत सक्सेना को 90 हजार, शैलेष कुमार यादव, अनिल कुमार, अमन नागपाल, अर्पित गुप्ता को 88 हजार, चेष्टा कपूर, कोपल अग्रवाल, अमन पटेल, अनुष्का अग्रवाल, चिराग मेहरोत्रा को 87 हजार, सूर्याश वर्मा, गौरी अग्रवाल, कनिका बिरला को 86 हजार रुपये मिले।

वक्त लगेगा पर बरेली में दौड़ेगी मेट्रो रेल

बरेली। एसआरएमएस में आयोजित स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम में पहुंचे लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब बरेली में भी मेट्रो रेल चलेगी।

उन्होंने कहा कि हालांकि इसमें अभी वक्त है पर तीसरे चरण में बरेली में भी मेट्रो रेल शुरू होगी। कुमार केशव ने कहा कि वे बरेली के ही रहने वाले हैं और शहर को बखूबी जानते हैं। ऐसे में यहां पर मोनो रेल का भी विकल्प खुला रखा गया है। कुमार केशव ने कहा कि अप्रैल 2019 तक लखनऊ में एयरपोर्ट से मुंशीपुर तक मेट्रो शुरू हो जाएगी और इसके बाद चारबाग से एसजीपीजीआई तक मेट्रो रेल बिछाई जाएगी।

कुमार केशव ने बताया कि लखनऊ के अलावा अब आगरा, कानपुर और मेरठ की बारी होगी। इसके बाद अगले चरण में सरकार इलाहाबाद और बनारस में मेट्रो चलाने की योजना पर काम रही है। बरेली भी इसी कड़ी में शामिल होगी।